ग्रामीण परेशान | स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर नियुक्त की उठी मांग

# किरनापुर में स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर : 8 महीने से डॉक्टर गायब




**नवभारत, किरनापुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। जिले के किरनापुर स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत गांव स्वास्थ्य विभाग माठे के ग्रामीणों ने गाँव में स्थायी डॉक्टर और नियमित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की माँग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से गाँव में डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने के कारण इलाज के लिए मरीजों को कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

ग्रामीणों की आवाज़ बुलंद करने वाले जनपद पंचायत सदस्य (बीडीसी) असीम चौहान अनुसार, आपात स्थिति में समय पर इलाज न मिल पाने से कई बार गंभीर हालात बन जाते हैं। प्रसूता महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनपद पंचायत सदस्य असीम चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाएँ गाँव-गाँव पहुंचाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नज़र आती है। ग्रामीणों ने विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए मांग की है कि स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति की जाए।

### नेता उदासीन

**7-8 माह से खाली पड़ा है पद**

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 7 से 8 महीने से क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र में कोई भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। प्राथमिक उपचार के अभाव में मरीजों को मामूली बीमारियों के लिए भी 20 से 30 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय या अन्य महंगे निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है।

### नियुक्ति सिर्फ कागजों तक सीमित

हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग में सिर्फ एएनम मैडम, मेडिकल ऑफीस की भरोसे चल रहा है।बताया जाता है किसी महिला डॉक्टर का अटैचमेंट किया गया था । लेकिन स्थानीय निवासियों का आरोप है कि उन्होंने आज तक डॉक्टर को केंद्र में ड्यूटी करते हुए नहीं देखा। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि अगर डॉक्टर की नियुक्ति की गई है, तो वे अस्पताल से नदारद क्यों हैं।

### इन पर पड़ रही सबसे ज्यादा मार

* **प्रसूता महिलाएं :** आपातकालीन स्थिति में प्रसव के लिए समय पर वाहन और डॉक्टर न मिलने से जान का जोखिम बना रहता है।
* **बुजुर्ग व बच्चे :** मौसमी बीमारियों के समय स्थिति और भी विकट हो जाती है। गरीब ग्रामीणों को निजी क्लीनिकों में मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है।

**ग्रामीणों की मुख्य मांगें**

* स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल स्थायी डॉक्टर की तैनाती हो।
* कागजी अटैचमेंट की जगह जमीनी उपस्थिति सुनिश्चित हो।

### इनका कहना

किरनापुर स्वास्थ्य विभाग अधिकारी वर्ष चौबे ने बताया की डॉक्टर की नियुक्त किया गया किन्तु जॉइनिंग लेते हि रिजाइन कर चले गये थे। कुछ महीने हमारी एक महिला डॉक्टर का अटेच किया गया किन्तु मुख्यालय में डॉक्टर ट्रेनिंग में जाने के कारण मुख्यालय में रखा गया है।

किरनापुर से स्वानदाता निखिल ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रखने के लिए जल्द ही डॉक्टर की नियुक्ति की जाएगी।'

## आम्बेझरी में ग्रेवल रोड निर्माण का भूमिपूजन




**नवभारत कटंगी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आम्बेझरी से बड़ा तालाब खैरलांजी तक प्रस्तावित ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर कुदाल चलाकर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह सड़क लगभग 24.98 लाख रुपये की लागत से निर्मित की जाएगी।

इस अवसर पर जनपद पंचायत कटंगी की अध्यक्ष कविता अरविंद देशमुख, वरुण देशमुख, जिला पंचायत सदस्य प्रियंका परते, जनपद सदस्य श्रीमती छबीलता प्रेमलाल उईके, मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती ममता सुखदेव सलामे, उपसरपंच श्रीमती मीना प्रकाश तुमडाम, सरपंच घनश्याम कुंजाम, दीपक गभने, आसपास के ग्रामों के वर्तमान एवं पूर्व सरपंच भी शामिल हुए।

### पारदर्शी निर्माण पर रहेगा विशेष ध्यान : गौरव पारधी

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि आम्बेझरी से बड़ा तालाब खैरलांजी तक सड़क निर्माण क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग रही है। सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समयसीमा में, पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को इसका स्थायी लाभ मिल सके।कार्यक्रम में जनपद पंचायत कटंगी के सीईओ गायत्री कुमार सारथी, उपयंत्री तारम सहाब, पीसीओ रूपेश गौरे सहित पंचायत एवं निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

## प्रबुद्ध तथागत फाउंडेशन द्वारा बैगा परिवारों को कंबल व स्वेटर का वितरण



**नवभारत, बालाघाट।** प्रबुद्ध तथागत फाउंडेशन बोरी की टीम गुरुवार को जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर घुम्मुर पंचायत के भोगाद्वार पहुँची, जहाँ सरपंच जयपाल सिंह तिलगम की उपस्थिति में सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुरकुत्ता, चिखली, कोड्बीकोना, घुम्मुर सहित आसपास के गाँवों से आए लगभग 200 बैगा परिवारों को कंबलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही श्याम कौशल एवं संतोष असाटी के सौजन्य से दान में प्राप्त100 बच्चों को गर्म स्वेटर प्रदान किए गए तथा सभी लाभार्थियों को बिस्कुट वितरित किए गए। शिविर के दौरान फाउंडेशन के सचिव महेंद्र मेश्राम, रफी अंसारी, अखिलेश ठाकुर एवं श्याम कौशल ने उपस्थित ग्रामीणों को संस्था द्वारा संचालित जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी। फाउंडेशन के प्रतिनिधि रफी अंसारी ने बताया कि आईएएस मुकेश कुमार मेश्राम एवं उनके सहयोगी दानदाताओं के सहयोग से फाउंडेशन पिछले 13 वर्षों से विशेष रूप से आदिवासी बैगा बहुल क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सामग्री का वितरण कर रही है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। वही फाउंडेशन के सचिव महेंद्र कुमार मेश्राम ने बताया कि संस्था केवल राहत सामग्री वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर और निर्धन परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपना जीवन-यापन कर सकें। उन्होंने बताया कि नवंबर और दिसंबर माह के दौरान विभिन्न शिविरों के माध्यम से लगभग 1000 कंबलों तथा 300 बच्चों को स्वेटर वितरित किए जा चुके हैं।

## संत निरंकारी मिशन रक्तदान शिविर का आयोजन 28 को

**नवभारत कटंगी।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा ग्राम उमरी में दिनांक 28 दिसंबर को प्रात: 10:00 बजे से 3:00 बजे तक रक्तदानशिविर का आयोजन किया जा रहा है संस्था के पदाधिकारी अवलेश पारधी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन उमरी कटंगी में किया जाएगा आपने रक्तदाताओं से अपील की है कि इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग देकर पुण्य प्राप्त करें विदित हो कि सन्त निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर जन हित में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर सराहनीय प्रयास किए जा रहे।

## प्रभु यीशु ने आपसी भाईचारा का रास्ता दिखाया : अनुभा मुंजारे

▸ विधायक भरवेली के क्रिसमस डे कार्यक्रम में शामिल हुई



**नवभारत, बालाघाट।** आज का दिन बड़ा दिन के नाम से जाना जाता है और यह दिन सिर्फ प्रभु यीशू के जन्मदिवस को लेकर बड़ा दिन कहा जाता हैं। प्रभू यीशू ने आपसी भाईचारा का रास्ता दिखाया और मानव धर्म को किस तरह से निभाना है, की राह पर चलने की प्रेरणा दी। इस पावन धरती पर आज के दिन प्रभु यीशू का जन्म हुआ। जिन्होने सदकार्य पर चलने की प्रेरणा दी। उक्ताशय की बात बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा भरवेली के जीवन ज्योति आश्रम में क्रिसमस डे पर आयोजित कार्यक्रम में कही। बता देवें कि हर साल की तरह यहां पर भरवेली में क्रिसमस डे का आयोजन किया गया था। जिसमें बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे को अतिथि के रूप में आमत्रित किया गया था। क्रिसमस डे के अवसर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि यहां पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कई कार्यक्रम किये गये और प्रभू यीशू से सभी के खुशहाली को लेकर कामना की गई। दीन दुखियों के कष्ट निवारण हेतु प्रार्थना की गई हैं। उन्होने कहा कि यही ईश्वर की मर्जी हैं। वह भी यहां पर आयी है और आप सभी के बीच खड़ी है तो वह ईश्वर की ही मर्जी से हैं, आप सभी यहां पर बैठे हैं उसे भी यही कहूंगी कि वह ईश्वर की मर्जी हैं। आप सभी मिलें व एक साथ चर्चा की, यही तो प्रभू यीशू का संदेश है कि हम सभी भाईचारा से रहे। इस अवसर पर विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा सभी के खुशहाल जीवन के लिये प्रार्थना की गई। बता देवें कि बालाघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मॉयल नगरी भरवेली स्थित जीवन ज्योति आश्रम में क्रिसमस पर्व मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. आर्च विशप (आमोस सर)द्वारा मनुष्य जीवन के सुख समृद्धि एवं खुशहाली हेतु प्रभु ईशु से प्रार्थना की गई। इस प्रार्थना सभा में विधायक अनुभा मुंजारे भी शामिल हुई थी। साथ ही बड़ी संख्या में प्रभु यीशू को मानने वाले अनुयायी उपस्थित रहे।

## उज्जैन, बैतूल, इंदौर, नरसिंहपुर और गुना ने जीते मैच

▸ बॉयज इंटर स्टेट हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन हुये पांच मैच



**नवभारत, बालाघाट।** स्वर्गीय रमणिक लाल त्रिवेदी की स्मृति में जिला हॉकी संघ द्वारा प्रशासन के सहयोग से आयोजित इंटर स्टेट मेन्स हॉकी टूर्नामेंट स्थानीय शहीद चन्द्रशेखर एस्टोटर्फ मैदान में 24 दिसम्बर से खेली जा रही है। टूर्नामेंट के दूसरे दिन 25 दिसम्बर को पांच मैच खेला गया। इसमें उज्जैन, बैतूल, इंदौर, नरसिंहपुर व गुना की टीम विजयी हुई। टूर्नामेंट के तीसरे दिन शुक्रवार को 7 मैच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 31 दिसम्बर को खेला जाएगा।

### इनके बीच हुआ मैच

इसमें पहला मैच देवास व उज्जैन के बीच खेला गया। ये मैच काफी रोमांचक रहा और दोनों ही टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसमें उज्जैन 3-2 गोल से विजयी हुई। दूसरा मैच बैतूल व दमोह के बीच खेला गया। इसमें बैतूल के खिलाडियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुये 6-2 गोल से मैच जीता। वहीं तीसरा मैच इंदौर व सागर के मध्य खेला गया। इसमें इंदौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 7-0 गोल से एकतरफा जीत प्राप्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया। चौथा मैच नरसिंहपुर व बड़वानी के बीच खेला गया। इसमें नरसिंहपुर के खिलाड़ी शुरू से ही हावी रहे और 8-0 गोल से विजयी हुए। वहीं आज का अंतिम व पांचवां मैच गुना व रायसेन के बीच खेला गया। इसमें गुना टीम के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते 7-1 गोल से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन 7 मैच खेले जाएंगे।

### शुक्रवार के मैच

टूर्नामेंट के तीसरे दिन शुक्रवार को 7 मैच खेला जाएगा। इनमें पहला मैच खरगोन व श्योपुर के बीच व दूसरा मैच हरदा व छतरपुर के मध्य, तीसरा मैच टीकमगढ़ बनाम भोपाल, चौथा मैच उज्जैन व बैतूल के बीच, पांचवा मैच बालाघाट व शिवपुरी, छटवां मण्डला व धान के मध्य एवं सातवां मैच उमरिया बनाम रतलाम के बीच खेला जाएगा। उक्ताशय की जानकारी वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी राजकुमार शांडिल्य द्वारा दी गई। इस टूर्नामेंट में खेल प्रेमी दर्शकों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील हॉकी म.प्र संघ के उपाध्यक्ष विजय वर्मा, नेहरू स्पोंटिंग क्लब अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी राधेलाल दौने, सुशील वर्मा, राजेश सेवईवार, रमेश उके, तुषार मानकर, गोपाल वर्मा, वामन उके, फिरोज खान, सुधांशु तिवारी, उमेश मालाधरी, गणेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्यों ने की है।

## परसवाड़ा मडई मेला में पुलिस बल रहा सक्रिय



**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा में आयोजित पारंपरिक मंडाई मेला के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना परसवाड़ा के अनुविभागीय अधिकारी अरविंद शाह के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी मदन इवने के निर्देश पर सभी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। मेले के दौरान जहां एक ओर पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से जनसुरक्षा में जुटा रहा, वहीं दूसरी ओर एक ऐसा दृश्य सामने आया जिसने हर किसी का दिल छू लिया।

परसवाड़ा के बिजाटोला स्थित चौराहे पर तैनात एक महिला पुलिसकर्मी अपने नन्हे से बच्चे को गोद में लेकर भी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभालती हुई नजर आई। एक ओर वह अपने मातृत्व धर्म का निर्वहन कर रही थीं, तो दूसरी ओर पूरी सजगता के साथ अपनी ड्यूटी निभा रही थीं। यह दृश्य न केवल पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि महिला पुलिसकर्मी हर परिस्थिति में अपने दायित्वों से पीछे नहीं हटतीं। मां और पुलिसकर्मी—दोनों भूमिकाओं को एक साथ निभाती इस महिला पुलिसकर्मी ज्योति मरकाम की संवेदनशीलता और समर्पण की आसपास मौजूद लोगों द्वारा खूब सराहना की जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि परसवाड़ा पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में सजग है, बल्कि मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं को भी पूरी तरह समझती है। यह दृश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सम्मान को और मजबूत करता है। निस्संदेह, यह घटना परसवाड़ा पुलिस की जनसुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है।

## गोंगलई से निकलेगी भव्य चुनरी यात्रा, माँ अन्नपूर्णा को अर्पित होगी आस्था की चुनरी



**नवभारत, बालाघाट।** नववर्ष के पावन अवसर पर एक बार फिर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी आगामी 01 जनवरी 2026 को माँ अन्नपूर्णा देवी को चुनरी अर्पित करने हेतु भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा बालाघाट जिला मुख्यालय के निकट स्थित ग्राम गोंगलई से प्रारंभ होकर गढ़दा पहाड़ी पर विराजित माँ अन्नपूर्णा देवी के प्रसिद्ध कोठीपाठ धाम, गढ़दा-बुढैना तक निकाली जाएगी। माँ अन्नपूर्णा, जो अन्न, समृद्धि और करुणा की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं, उनके प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। मान्यता है कि माँ के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत पूर्ण होती है। इसी विश्वास और भक्ति भाव के साथ नववर्ष के प्रथम दिन सैकड़ों-हजारों श्रद्धालु माँ को चुनरी अर्पित कर देश, समाज और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

यह भव्य चुनरी यात्रा ग्राम गोंगलई से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात प्रारंभ होगी। डीजे में देवीगीत और जय माँ अन्नपूर्णा के गगनभेदी जयकारों के साथ यह यात्रा भक्तिमय वातावरण में आगे बढ़ेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु माता के भजनों पर झूमते-गाते हुए अपनी आस्था प्रकट करेंगे एवं चुनरी लेकर, पुरुष भगवा ध्वज थामे, बच्चे भी माता की भक्ति में रंगे नजर आएंगे। चुनरी यात्रा गोंगलई से निकलकर नवेगांव, नैतरा, लिंगा, लोहारा, परसपानी, गढ़दा होते हुए बुढैना मार्ग से माँ अन्नपूर्णा के कोठीपाठ धाम पहुंचेगी। मार्ग में आने वाले गांवों में श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती एवं प्रसाद वितरण कर माता के भक्तों का अभिनंदन किया जाएगा। पूरा क्षेत्र मानो देवीमय हो उठेगा। नववर्ष का यह पहला दिन भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। वर्षभर वैसे तो माँ अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना भक्तिभाव से की जाती है, लेकिन 01 जनवरी को आयोजित होने वाली चुनरी यात्रा की एक अलग ही महिमा है।

निरीक्षण | नपाध्यक्ष ने रेलवे, सेतू विभाग एवं तकनीकी टीम के साथ किया संयुक्त निरीक्षण

# रेलवे विभाग नपा को हस्तांतरित करेगा सरेखा अंडरपास



**नवभारत, बालाघाट।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने वाला सरेखा रेलवे अंडरपास अब पूर्णत: नवीनीकरण के बाद नए स्वरूप में सामने आया है। रेलवे विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक से रिनोवेट किए गए इस अंडरपास को अब नगर पालिका परिषद बालाघाट को हस्तांतरित किया जा रहा है, जिसकी कागजी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। अंडरपास की गुणवत्ता, तकनीकी सुदृढ़ता एवं संचालन व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने रेलवे विभाग, सेतू संभाग एवं नगरपालिका की तकनीकी टीम के साथ संयुक्त निरीक्षण किया।

### गौरी भाऊ के संकल्प हुए साकार

नपाध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान बताया कि शहर में यातायात समस्या के स्थायी समाधान के लिए जिले के सर्वमान्य नेता गौरीशंकर बिसेन (गौरी भाऊ) द्वारा लिए गए संकल्प आज साकार होते दिख रहे हैं। सरेखा आरओबी और उसके नीचे बने अंडरपास का निर्माण उसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरेखा आरओबी एवं अंडरपास आज शहरवासियों को राहत दे रहे हैं, उसी तरह गर्रा आरओबी एवं भटेरा रोड आरओबी के साथ ही जागपुर बैनगंगा पुलिया भी शीघ्र ही जनता को समर्पित किए जाएंगे। यह सभी परियोजनाएं गौरी भाऊ की दूरगामी योजना और विकास दृष्टि का सशक्त प्रमाण हैं।

### अंडरपास की आकर्षक चित्रकारी बनी शहर की सुंदरता का प्रतीक

नपाध्यक्ष ने बताया कि सरेखा रेलवे अंडरपास में पूर्व में जलभराव और सड़क क्षति जैसी समस्याएं सामने आई थीं। इन्हीं खामियों को ध्यान में रखते हुए रेलवे विभाग द्वारा इसका संपूर्ण पुनर्निर्माण कराया गया है। अब यहां आकर्षक चित्रकारी, बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था और आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे यह अंडरपास न केवल यातायात के लिए सुरक्षित हुआ है बल्कि शहर की सुंदरता भी बढ़ा रहा है।

### मेट्रो सिटी की तर्ज पर किया गया तकनीकी नवाचार

रेलवे विभाग द्वारा अंडरपास के पुनर्निर्माण में मेट्रो सिटी की तकनीक अपनाई गई है। जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु सेंसरयुक्त मोटर पंप लगाए गए हैं, जो पानी भरते ही स्वत: चालू हो जाएंगे और पानी को पंप हाउस में भेज देंगे।इस तकनीक के संचालन एवं देखरेख के लिए नगरपालिका के 6 कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे भविष्य में लंबे समय तक किसी सुधार कार्य की आवश्यकता न पड़े।

नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि 'पूर्व में जब यह अंडरपास प्रारंभ किया गया था, तब इसमें अनेक खामियां सामने आई थीं। पानी का रिसाव होता था और नीचे बनी सड़क बहुत कम समय में खराब हो गई थी। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे विभाग द्वारा निविदाकार से सभी सुधार कार्य कराए गए हैं। आज हमने समस्त इंजीनियरों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के साथ यहां निरीक्षण एवं जांच की है। सभी तकनीकी परीक्षणों के बाद यह अंडरपास अब पूरी तरह गुणवत्तायुक्त और सुरक्षित प्रतीत हो रहा है। सभी प्रकार की जांच पूरी होने के उपरांत इसे विधिवत नगर पालिका परिषद को हस्तांतरित किया जाएगा, ताकि इसका बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

रेलवे, सेतू विभाग एवं नपा का संयुक्त निरीक्षणसंयुक्त निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी गई कि अंडरपास में लगाए गए सेंसरयुक्त पंप जलभराव की आशंका होते ही स्वत: सक्रिय हो जाएंगे। पुनर्निर्माण के बाद अंडरपास को जल्द ही प्रारंभ कर दिया जाएगा और हस्तांतरण प्रक्रिया पूर्ण होते ही नगर पालिका द्वारा इसका सुव्यवस्थित संचालन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर के साथ उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति वकील वाधवा, कमलेश पांचे, सेतू विभाग के कार्यपालन यंत्री अर्जुन सनोडिया, रेलवे विभाग के इंजीनियर्स, सीएमओ बी.डी. कतरोलिया, इंजीनियर सुमित मोटवानी, ज्योति मेश्राम सहित तकनीकी अमला उपस्थित रहा ।